# Civil Services (Main) Examination- 2025

**SLPM–B–PBD**

## लोक प्रशासन (प्रश्न-पत्र–II)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

### प्रश्न-पत्र संबंधी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

## PUBLIC ADMINISTRATION (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग *150* शब्दों में उत्तर दीजिए :
Answer the following in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* कौटिल्य के *अर्थशास्त्र* का अर्थ लोगों की आजीविका के अर्थशास्त्र का विज्ञान है। टिप्पणी कीजिए।
*Arthashastra* of Kautilya means the science of economics of livelihood of the people. Comment.

*(b)* नीति आयोग के सीमित प्रभाव के कारणों को अंकित कीजिए।
Trace the reasons for limited effectiveness of the NITI Aayog.

*(c)* भारत में लिंग समानता को बढ़ावा देने हेतु संवैधानिक प्रावधानों और न्यायिक अंतःक्षेप का वर्णन कीजिए।
Highlight the constitutional provisions and judicial interventions to promote gender equality in India.

*(d)* समकालीन समय में जिलाधीश को पदसोपान संरचना की अपेक्षा सामूहिक कार्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। टिप्पणी कीजिए।
In contemporary times, the District Collector should prioritize teamwork over hierarchical structures. Comment.

*(e)* मनरेगा और स्वच्छ भारत अभियान जैसी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में संवृद्धि लाने में क्षेत्र संगठनों के महत्त्व का परीक्षण कीजिए।
Examine the significance of field organizations in enhancing policy implementation of projects like MGNREGA and Swachh Bharat Mission.

**2.** *(a)* ''स्वतंत्र भारत में औपनिवेशिक विरासत विभिन्न प्रशासनिक समस्याओं हेतु उत्तरदायी है क्योंकि कम्पनी अभिकर्ताओं और व्यापारियों ने दण्डनायकों, राज्यपालों और लोक सेवकों की भूमिका का रूप ले लिया।'' विश्लेषण कीजिए।
"The colonial legacy is responsible for many administrative problems in independent India as the role of company agents and traders evolved into Magistrates, Governors and Civil Servants." Analyze. 20

*(b)* विषयों के विभाजन के बावजूद, केन्द्रीय सरकार राज्य एवं समवर्ती सूची के विषयों पर भी अपना योगदान देती है। राजकोषीय संघवाद के संदर्भ में इसके लाभ और हानि पर चर्चा कीजिए।
Despite the division of subjects, the Union Government contributes towards subjects in the State and Concurrent Lists. Discuss its pros and cons in the light of fiscal federalism. 20

*(c)* विविध राजनैतिक हित और वित्तीय सीमाएँ 'सहयोगी संघवाद' की भावना को बाधित करते हैं। टिप्पणी कीजिए।
Divergent political interests and financial constraints hinder the spirit of 'cooperative federalism'. Comment. 10

**3.** *(a)* यद्यपि संविधान विकेन्द्रित और उत्तरदायी सरकार का शक्तिशाली ढाँचा प्रदान करता है, किन्तु वास्तविक परीक्षण इस पर निर्भर करता है कि संस्थाएँ, नागरिक समाज और जनता कैसे संवैधानिक मूल्यों को आचरण में बनाए रखती हैं। परीक्षण कीजिए।
While the Constitution offers a strong framework for decentralized and accountable governance, the real test lies in how institutions, civil society and citizens uphold constitutional values in practice. Examine. 20

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance

(b) भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण ने लोक उद्यमों को अपनी कुशलता को बढ़ाने पर विवश किया है, किन्तु इन सुधारों का प्रभाव वाद-विवाद का विषय बना हुआ है। विश्लेषण कीजिए।

Liberalization of Indian economy has forced public enterprises to enhance their efficiency, but the effects of these reforms have been a topic of debate. Analyze. 20

(c) केन्द्र-राज्य प्रशासनिक संबंध एक बहस का विषय है क्योंकि संवैधानिक प्रावधानों ने एक शक्तिशाली केन्द्र का निर्माण किया है। विवेचना कीजिए।

Centre-State administrative relations are a matter of debate as constitutional provisions created a strong Centre. Discuss. 10

4. (a) विभिन्न राज्यों का अनुभव दर्शाता है कि जिलों का पुनर्गठन प्रशासनिक सुगमता की बजाय राजनैतिक लोक-लुभावन सुविधा से अधिक प्रेरित है। विवेचना कीजिए।

Experience of various States suggests that reorganization of districts was prompted more by politico-populist convenience rather than ease of administration. Discuss. 20

(b) राज्य सचिवालय और निदेशालय की भूमिका के स्पष्ट सीमांकन के अभाव से नीति निर्माण व क्रियान्वयन में गंभीर परिणाम उत्पन्न हो रहे हैं। क्या आप सहमत हैं?

Lack of clear demarcation of roles between the State Secretariat and the Directorate has serious implications for policy making and policy implementation. Do you agree? 20

(c) भारत में विकेन्द्रित नियोजन, संदर्भ-संवेदनशील विकास की ओर बदलाव दर्शाता है, परन्तु सीमित संसाधन और स्थानीय राजनीति सामाजिक न्याय लक्ष्यों की प्राप्ति को जटिल बनाते हैं। टिप्पणी कीजिए।

Decentralized planning in India signifies a shift towards context-sensitive development, but inadequate resources and local politics complicate the realization of social justice goals. Comment. 10

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग *150* शब्दों में उत्तर दीजिए :

Answer the following in about *150* words each : 10×5=50

(a) अधिकारियों में निम्न साइबर जागरूकता प्रशासन में साइबर सुरक्षा समस्याओं का कारण बन रही है। टिप्पणी कीजिए।

Low cyber awareness among officials is causing cyber security issues in the administration. Comment.

(b) 'गिलोटिन' बजटीय प्रक्रिया को समय-सीमा पर पूर्ण करने में गति देती है। इस क्रियाविधि का मूल्यांकन कीजिए।

The 'guillotine' hastens the budgetary process to meet the timeline. Evaluate the procedure.

(c) नवीन स्थानीयतावाद स्थानीय लोगों को सशक्त बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विस्तार कीजिए।

New localism plays a crucial role in empowering the local actors. Expand.

(d) ग्राम सभा सामुदायिक सहभागिता को प्राप्त करने का लक्ष्य रखती है। स्पष्ट कीजिए।

Gram Sabha aims to enlist community participation. Explain.

*(e)* सरकारी ई-मार्केटप्लेस (GeM) के क्रियान्वयन में चुनौतियों और विवादों की पहचान कीजिए।

Identify the implementation challenges and issues of the Government e-Marketplace (GeM).

**6.** *(a)* केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (CPGRAMS) स्थानीय स्तर की समस्याओं का प्रभावी रूप से समाधान नहीं करती। अपने विचार प्रकट कीजिए।

Centralized Public Grievance Redress and Monitoring System (CPGRAMS) does not effectively address local level issues. Give your opinion. 20

*(b)* क्या आपके विचार में 'आधार' योजना ने समावेशी शासन और प्रशासनिक विश्वसनीयता को बढ़ावा दिया है? प्रकाश डालिए।

Do you think 'Aadhaar' initiative has promoted inclusive governance and administrative credibility? Throw light. 20

*(c)* स्मार्ट पुलिस व सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम कानून और व्यवस्था की सामाजिक-तकनीकी चुनौतियों को हल करने के लिए आरम्भ किए गए हैं। विवेचना कीजिए।

Smart Policing and Community Policing programmes have been initiated to address socio-technological challenges in law and order. Discuss. 10

**7.** *(a)* भारतीय स्थानीय सरकारों में कई निर्वाचित महिला प्रतिनिधि, विशेषतः वंचित पृष्ठभूमि से, प्रभावी रूप से शासन करने के लिए प्रायः संघर्ष करती हैं। परीक्षण कीजिए।

Many elected women representatives in local governments in India, especially from marginalized backgrounds, often struggle to govern effectively. Examine. 20

*(b)* बजट वह धुरी है, जिसके चारों ओर समूचा वित्तीय प्रशासन घूमता है। बजट के सामाजिक-आर्थिक और राजनैतिक पहलुओं की विवेचना कीजिए।

Budget is the pivot around which the whole financial administration revolves. Discuss the socio-economic and political implications of budget. 20

*(c)* सुशासन को प्रोत्साहित करने में सरकारी प्रक्रिया पुनर्रचना (GPR) की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

Assess the role of Government Process Reengineering (GPR) in promoting good governance. 10

**8.** *(a)* महानगरीय शहर राष्ट्रीय संपदा में मुख्य अंश उपलब्ध कराते हैं, परन्तु इनका शासन जटिल संस्थागत संबंधों से ग्रसित है। स्पष्ट कीजिए।

Metropolitan cities are providing major portions of national wealth, but their governance is fraught with intricate institutional relationships. Explain. 20

*(b)* प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, विषय-क्षेत्र और उद्देश्यों में भिन्न हैं। इनकी मुख्य भिन्नताओं को स्पष्ट कीजिए।

Training and capacity building represent different scope and objectives. Explain the key differences. 20

*(c)* कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) विपदा प्रबंधन के अभिनव उपकरण के रूप में उभरी है। उदाहरण सहित समझाइए।

Artificial Intelligence (AI) has emerged as an innovative tool in disaster management. Illustrate with examples. 10

★★★

ABHYAS IAS ACADEMY Basics to Brilliance